प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डोगरा गांव में मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर। 17 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्त पोषित परियोजना फार्मर फस्ट के अंतर्गत ग्राम डोगरा, जिला नैनीताल को पंतनगर विश्वविद्यालय ने गोद लिया है और विगत कई वर्षों से लगातार कृषि उत्पादन से संबंधित प्रौद्योगिकी के बारे में किसानों को जानकारी दी जा रही है। यह परियोजना अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डा. एस.के. कश्यप के नेतृत्व में नैनीताल जिले के 3 गांव क्रमशः ज्योली, श्यालीखेत एवं डोगरा में चलायी जा रही है। फार्मर फस्ट परियोजना के अंतर्गत पादप रोग विज्ञान विभाग में कार्यरत डा. एस.के. मिश्रा, एस.आर.ओ. द्वारा ग्राम डोगरा जिला नैनीताल में मशरूम उत्पादन पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम डोगरा के किसान कई वर्षों से सब्जी उत्पादन में अग्रसर हैं। फार्मर फस्ट परियोजना के जरिये किसानों का रूझान मशरूम उत्पादन के ओर करने का है। महिला किसानों ने इस प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन से सम्बन्धित सभी जानकारी प्राप्त की। मशरूम उत्पादन उन किसानों के लिए उत्तम है जिसके पास कृषि करने हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है। डा. मिश्रा ने मशरूम उत्पादन की तकनीक, रख–रखाव, संबंधित रोग एवं कीट प्रबन्धन की भी जानकारी महिला किसानों को दी। परियोजना के अंतर्गत किसानों को बीजाई किये हुए मशरूम बैग भी वितरण किया गया। सह परियोजना अधिकारी, डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल एवं डा. नेहा आर्या, एस.आर.एफ. ने भी मशरूम उत्पादन से होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में किसानों में श्री गोविन्द पलडिया, श्रीमती नीमा जीना, श्री प्रेम लाल, हरीश चन्द्र उपस्थित थे।

किसानों को मशरूम बैग वितरण करते अधिकारी।

निदेशक संचार